SHRI DHAMANKAR: The work of the forest cooperative societies is being replaced by the State Corprations. Is it the policy of the Govment to do so?

SHRI T. A. PAI: I do not think it is the policy of the Government to replace the wood work done by cooperative societies. Rather the State Corporations would make the best use of the Forest Cooperative Societies in the States in the matter of exploitation of forest.

**Haryana's request for more A.I.R. Stations**

*570. SHRI RAM PRAKASH: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether State Government of Haryana have approached the Union Government for approval of more All India Radio Stations in the State, and

(b) if so, the broad outlines thereof and the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) No Sir.

(b) Does not arise However, a radio station has been set up at Rohtak and will be commissioned shortly.

**श्री राम प्रकाश** : आप ने अभी फरमाया कि रोहतक में रेडियो स्टेशन जल्दी चालू हो जाएगा। मैं जानना चाहता हू कि इसमें कितना खर्चा लगेगा ?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : इसका विधिवत् उद्घाटन अगले महीने की आठ तारीख को हो रहा है।

**श्री राम प्रकाश** : क्या सरकार देहाती प्रोग्राम का टाइम बढ़ाने के लिये और हरियाणा के लिए टेलीविजन सेन्टर खोलने के लिये विचार कर रही है। आप जानते हैं कि हमारी प्रधान मंत्री जी का बीस सूत्री कार्यक्रम वहा बहुत तेजी से चल रहा है, साथ ही हमारे नौजवान लीडर श्री संजय गांधी समाजवाद के काम में बहुत इफेक्टिव साबित हुये हैं, इसलिये अगर सरकार देहाती प्रोग्राम का टाइम बढ़ा दे और वहां शीघ्र टेलिविजन सेन्टर खोलने की व्यवस्था कर दे तो इससे हमारे देहाती भाई बहुत लाभ उठा सकते है। क्या सरकार इस पर विचार कर रही है ?

**श्री विद्या चरण शुक्ल** इस बात पर विचार हो रहा है कि दिल्ली के टेलिविजन केन्द्र का कोई रिले स्टेशन वहां बनाया जाय, ताकि हरियाणा का बहुत बड़ा भाग उसके अन्तर्गत आ सके। अभी यह प्रश्न विचाराधीन है, जब हमारे साधन इस लायक होंगे कि हम इस काम मे लग सकें, तब हम काम को अपने हाथ में लेंगे।

**वर्ष 1976-77 के लिए बिहार द्वारा प्रस्तुत की गई पूरक योजना**

*572. **श्री चिरंजीव झा** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार सरकार ने वित्तीय वर्ष 1976-77 के लिये 37 करोड रुपये की एक पूरक योजना केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की है, और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?